बिहार सरकार

शिक्षा का अधिकार

सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

# Office District Education Officer, Vaishali

## (Bihar Education Project, Vaishali)

2nd Floor, Samagra Shiksha, Shiksha Bhawan, Dighi, Hajipur (Vaishali)
e-mail:-*bepssavaishali@gmail.com*

**Notice Inviting Quotations for supply of Printed Student Progress Card & Mulyankan Panji for Half Yearly Evaluation 2025**

Sealed quotations are invited from reputed/experienced firms/agencies for the Printing of Student Progress Card & Mulyankan Panji for Half Yearly Evaluation as per following specifications:-

| S. | Item | specifications |
|---|---|---|
| 1 | Printing of Student Progress Card | • A4 Size 220 GSM Single Page with both side single colour printing<br>• Bundling of 500-500 Student Progress Card |
| 2 | Printing of Mulyankan Panji (Class 1 to 5; 25 Sheets including Cover page) | • 80 GSM Laser Paper A3 Size, 28 cm X 40 cm, Single Colour text Printing on both side, cover 250 GSM with perfect binding.<br>• Bundling of 50-50 Mulyankan Panji. |
| 3 | Printing of Mulyankan Panji (Class 1 to 8; 50 Sheets including Cover page) | • 80 GSM Laser Paper A3 Size, 28 cm X 40 cm, Single Colour text Printing on both side, cover 250 GSM with perfect binding.<br>• Bundling of 50-50 Mulyankan Panji. |

Detailed separate bid documents for the above packages may be obtained from the office of BIHAR EDUCATION PROJECT, VAISHALI on any working day up to 21 day from the day of publication of Advertisement. The bid documents may also be downloaded from our web-site https://vaishali.nic.in or www.ssavaishali.in

Bid documents sealed in separate covers and marked as **"Part-I Technical Proposal"** and **"Part-II Financial Proposal"** must be send through registered post, on or before 21 day from the day of publication of Advertisement till 5:00 PM. All sealed quotations received before stipulated time will be opened in the office after 23 day from the day of publication of Advertisement .The bidders or their representatives who choose to be present.

25/9/25

**District Programme officer (EE&SSA)**
**Vaishali**

25.9.25

**District Education officer**
**Vaishali**

# कार्यालयः— जिला शिक्षा पदाधिकारी, वैशाली
## (समग्र शिक्षा अभियान)
## निविदा प्रपत्र

जिला के सभी सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त प्रारम्भिक विद्यालयों के कक्षा I से VIII में अध्ययनरत छात्र—छात्राओं का अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन कराया जा रहा है। इस हेतु सभी विद्यालयों (वर्ग 1 से 8) के लिए मूल्यांकन पंजी तथा वर्ग I से VIII के सभी छात्र—छात्राओं के लिए प्रगति पत्रक के मुद्रण की आवश्यकता है।

निविदादाता के द्वारा जिला मुख्यालय में आपूर्ति के लिए निविदा में दर अंकित किया जाएगा तथा चयनित निविदादाता को कार्यादेश में अंकित विवरण के अनुसार प्रखण्ड मुख्यालय अवस्थित कार्यालय अथवा स्थान पर सामग्री की आपूर्ति करनी होगी।

अतएव, मुद्रण हेतु निबंधित, योग्य एवं वित्तीय रूप से सुदृढ़ मुद्रकों से विज्ञापन प्रकाशित होने के 21 दिनों तक की अवधि में अधोहस्ताक्षरी के पदनाम से निर्धारित प्रपत्र में सभी वांछित प्रमाण—पत्रों अथवा अभिलेखों के साथ पैकेजवार अलग—अलग सीलबंद लिफाफे (तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा अलग—अलग सीलबंद लिफाफे में) में मात्र निबंधित डाक के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। तकनीकी/वित्तीय निविदा जिला क्रय समिति के समक्ष खोली जाएगी जिसमें निविदादाता अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं। तकनीकी निविदा विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि के 23 वें दिन को अपराह्न 01:00 बजे एवं वित्तीय निविदा उसी दिन अथवा अगले कार्य दिवस को अपराह्न 01:00 बजे क्रय समिति के समक्ष खोली जाएगी, जिसमें निविदादाता अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं। 23 वें दिन राजपत्रित अवकाश होने की स्थिति में, अगले कार्य दिवस को निविदा अपराह्न 01:00 बजे क्रय समिति के समक्ष खोली जाएगी।

**पैकेज : 1 प्रगति पत्रक की विशिष्टियाँ :—**

| | | |
|---|---|---|
| क. | साइज | A4 Size 220 GSM Single Page with both side single colour printing |
| ख. | संख्या | लगभग 408500 छात्र—छात्राओं के लिए |
| ग. | पृष्ठों की संख्या | 02 पेज (1 पेज, दोनो तरफ मुद्रण) |
| घ. | पैकेटिंग | 500—500 प्रगति पत्रक का बंडल बनाया जाएगा। बंडल इस तरह तैयार किया जाएगा जिससे कि बंडल के अंदर प्रगति पत्रक ढुलाई के क्रम में नष्ट न हो। |

**पैकेज : 2 मूल्यांकन पंजी की विशिष्टियाँ :—**

| 2 (क) मूल्यांकन पंजी (प्रा० विद्यालय के लिए— 25 शीट) | | |
|---|---|---|
| 1. | कागज का साइज | 80 GSM Laser Paper A3 Size, 28 cm X 40 cm, Single Colour text Printing on both side, cover 250 GSM with perfect binding. |
| 2. | संख्या | लगभग 1000 विद्यालय के लिए |
| 3. | शीट की संख्या | 25 शीट (Including Cover Page) |
| 4. | पैकेटिंग | 50—50 पंजी का बंडल बनाया जाएगा तथा बंडल के ऊपर मूल्यांकन पंजी बोल्ड अक्षरों में मुद्रित रहेगा। बंडल इस तरह तैयार किया जाएगा जिससे कि बंडल के अंदर का मूल्यांकन पंजी ढुलाई के क्रम में नष्ट न हो। |

| 2 (ख) मूल्यांकन पंजी (मध्य विद्यालय के लिए– 50 शीट) | | |
|---|---|---|
| 1. | कागज का साइज | 80 GSM Laser Paper A3 Size, 28 cm X 40 cm, Single Colour text Printing on both side, cover 250 GSM with perfect binding. |
| 2. | संख्या | लगभग 980 मध्य विद्यालय के लिए |
| 3. | शीट की संख्या | 50 शीट (Including Cover Page) |
| 4. | पैकेटिंग | 50–50 पंजी का बंडल बनाया जाएगा तथा बंडल के ऊपर मूल्यांकन पंजी बोल्ड अक्षरों में मुद्रित रहेगा। बंडल इस तरह तैयार किया जाएगा जिससे कि बंडल के अंदर का मूल्यांकन पंजी ढुलाई के क्रम में नष्ट न हो। |

**निविदादाता के लिए शर्त्त एवं उपबंध :–**

1. निविदादाता का मुद्रण एवं बाईडिंग से संबंधित ऑफसेट मशीन (पैकेज एक के लिए), वेब ऑफसेट मशीन (पैकेज दो के लिए) एवं अन्य मशीनें, प्री–प्रेस सिस्टम, प्लेट मशीन के साथ साथ अन्य सभी आवश्यक मशीनें, प्री–प्रेस सिस्टम एवं बाईडिंग सिस्टम से सुसज्जित इकाई बिहार में कार्यरत होना चाहिए।

2. निविदादाता को मुद्रण एवं बाईडिंग से संबंधित कार्य का कम से कम पिछले तीन वर्षो का अनुभव होना चाहिए।

3. निविदादाता का प्रेस बिहार राज्य के GST/वणिज्य कर विभाग से मुद्रक के रूप में निबंधित होना चाहिए।

4. निविदादाता का तीन वित्तीय वर्षों यथा – 2021–2022, 2022–23, 2023–24 का औसत वार्षिक टर्नओवर कम से कम रुपये तीस लाख प्रति वर्ष होना चाहिए।

5. निविदा के साथ 30000.00 (तीस हजार) रुपये का राष्ट्रीयकृत बैंक का ड्राफ्ट अग्रधन के रूप में देना होगा। ड्राफ्ट BEP GOB Vaishali के नाम से होना चाहिए, जो हाजीपुर में भुगतेय हो।

6. निविदादाता का प्रेस किसी भी सरकारी/अर्द्धसरकारी या गैर सरकारी संस्थान के द्वारा काली सूची में नहीं डाला गया हो एवं किसी भी तरह का केस–मुकदमा में लिप्त/लंबित न हो।

7. निविदा द्विलिफाफा प्रणाली के अंतर्गत तकनीकी और वित्तीय निविदा के रूप में अलग–अलग लिफाफे में उसके ऊपर तकनीकी/वित्तीय अंकित कर देना होगा।

**तकनीकी निविदा**

निविदादाता के द्वारा सभी पैकेजों के लिए मात्र एक तकनीकी निविदा निर्धारित प्रपत्र में आवश्यक सूचनाओं के साथ निम्नांकित कागजात संलग्न करके निर्धारित तिथि तक समर्पित करना आवश्यक होगा :–

(क) तीन वित्तीय वर्षों यथा– 2021–2022, 2022–23, 2023–24 का अंकेक्षित वैलंस सीट, जिससे वार्षिक टर्न ओवर परिलक्षित हो, की प्रति।

(ख) तीन वित्तीय वर्षों यथा– 2021–2022, 2022–23, 2023–24 का ऑडिट रिपोर्ट की प्रति।

(ग) तीन वित्तीय वर्षो यथा– 2021–2022, 2022–23, 2023–24 का आयकर रिर्टन की प्रति।

(घ) राज्य के GST/वाणिज्य कर विभाग से मुद्रक के रूप में निबंधित होने का प्रमाण। पैन, टैन, GST संबंधित प्रमाण। वर्ष 2024–25 के अंतिम तिमाही (जनवरी से मार्च) का GSTR-3 प्रमाण पत्र की प्रति।

(ड.) कार्य का अनुभव का प्रमाण पत्र।

(च) निविदादाता के पास ऑफसेट मशीन (पैकेज एक के लिए), वेब ऑफसेट मशीन (पैकेज दो एवं तीन के लिए) एवं अन्य मशीनें, प्री–प्रेस सिस्टम, प्लेट मशीन एवं बाईंडिंग की सभी सुविधाएँ उपलब्ध होने का प्रमाण पत्र।

(छ) निविदादाता का बिहार में इकाई कार्यरत होने (Total Staff Strength) का प्रमाण पत्र।

(ज) अग्रधन के रूप में BEP GOB Vaishali के नाम से राशि 30000.00 (तीस हजार) रूपये का बैंक ड्राफ्ट।

(झ) निविदादाता का प्रेस किसी भी सरकारी/अर्द्धसरकारी या गैर सरकारी संस्थान के द्वारा काली सूची में नहीं डाला गया हो एवं किसी भी तरह का केस–मुकदमा में लिप्त/लंबित न होने संबंधित नोटराईज्ड एफिडेविट शपथ पत्र।

(ञ) प्रगति पत्रक एवं मूल्यांकन पंजी के निर्माण एवं पैकेटिंग/बंडलिंग में प्रयुक्त कागज/सामग्री का नमूना, साईज, GSM एवं पेपर मिल का नाम आदि स्पष्ट रूप से अंकित करते हुए संलग्न होना चाहिए।

(ट) प्रयुक्त किए जाने वाले कागज का नमूना का किसी राष्ट्रीयकृत टेस्ट प्रयोगशाला अथवा किसी सरकारी संस्था द्वारा जारी किया जाँच रिर्पोट की की मूल प्रति जो कार्यालय बिहार शिक्षा परियोजना, वैशाली के नाम हो।

(ठ) पिछले तीन वर्षो में समरुप कार्य से संबंधित एकल क्रय आदेश की प्रति जो कम से कम रु. 10 लाख या इससे अधिक का हो।

(ड़) निविदादाताओं के द्वारा सभी कागजात स्वअभिप्रमाणित करके जमा किये जाएगें।

<u>वित्तीय निविदा</u>

(क) निविदादाता के द्वारा सभी पैकेजों के लिए अलग–अलग वित्तीय निविदा निर्धारित प्रपत्र में निर्धारित तिथि तक समर्पित करना आवश्यक होगा।

(ख) वित्तीय निविदा के लिफाफा के उपर पैकेज संख्या एवं सामग्री का विवरण स्पष्ट अंकित होना चाहिए।

(ग) वित्तीय निविदा में सभी कर एवं प्रखण्ड कार्यालय तक परिवहन खर्च सहित प्रति इकाई का दर अंकित होना चाहिए। जिसमें मूल दर एवं जी०एस०टी० का अलग–अलग उल्लेख हो।

(घ) तकनीकी रूप से सफल निविदादाता का ही वित्तीय निविदा खोला जाएगा।

(ड.) वित्तीय निविदा के मूल्यांकन के आधार पर न्यूनतम दर वाले निविदादाता/निविदादाताओं को कार्य आवंटित किया जाएगा।

अन्य शर्त्त/उपबंध

1. तकनीकी निविदा के साथ जमा किए गए कागजातों/प्रमाणों की भौतिक/स्थल सत्यापन करने के लिए बिहार शिक्षा परियोजना, वैशाली स्वतंत्र होगा।

2. अंतिम रूप से चयनित फर्म/एजेन्सी को क्रय आदेश की प्रति बिहार शिक्षा परियोजना वैशाली के कार्यालय से प्राप्त कर निदेशानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करना होगा।

3. मुद्रण/निर्माण से संबंधित सभी सामग्री एवं कार्य की व्यवस्था निविदादाता को अपने स्तर से करना होगा, जिसके लिए अलग से कोई अतिरिक्त राशि अथवा अग्रिम राशि देय नहीं होगा।

4. उपर्युक्त सभी शर्त्तों एवं उपबन्धों का पालन किया जाना अनिवार्य होगा। किसी एक भी शर्त्त/उपबंध को किसी समय पूरा नहीं करने की स्थिति में दिए गए कार्यादेश/निविदा को रद्द करते हुए निविदादाता के अग्रद्यन की राशि एवं बैंक गारंटी को जब्त करते हुए उनके विरूद्ध कार्रवाई के लिए बिहार शिक्षा परियोजना वैशाली स्वतंत्र होगा।

5. निविदादाता को कार्य आवंटन के सात दिनों के अंदर कार्यादेश की कुल राशि के 5 प्रतिशत राशि का किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक के द्वारा बिहार शिक्षा परियोजना वैशाली के नाम से निर्गत एवं 12 माह के लिए वैध बैंक गारंटी को परफोरमेंश सिक्यूरिटी के रूप में जमा करके कार्यालय के साथ अनुबंध करना आवश्यक होगा। विलम्ब की स्थिति में कार्यादेश स्वतः रद्द माना जाएगा।

6. निविदादाता के द्वारा क्रय आदेश के आलोक में सभी प्रखण्ड मुख्यालय अवस्थित कार्यालयों को निर्धारित तिथि तक सभी सामग्री उपलब्ध कराया जाएगा। पूर्ण रूप से आपूर्ति के पश्चात् सामग्री प्राप्ति का सत्यापन कराकर एवं राज्य (SCERT Patna) से राशि प्राप्त होने के उपरान्त भुगतान किया जायेगा।

7. मुद्रित प्रतियाँ/सामग्री निर्धारित गुणवत्ता का नहीं पाये जाने/मुद्रण में त्रुटि/अस्पष्टता रहने, मजबूत बाईडिंग नहीं होने, मुद्रित सामग्री ससमय आपूर्ति नहीं करने/निविदा शर्त्तों से विचलन आदि की स्थिति में भुगतेय राशि से यथोचित राशि अथवा न्यूनतम 05 प्रतिशत तक की राशि की कटौती एवं निविदादाता के विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई के लिए बिहार शिक्षा परियोजना वैशाली स्वतंत्र होगा।

8. सभी अथवा किसी निविदा को बिना कारण बताये अस्वीकृत/रद्द करने का सर्वाधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।

9. निविदा के संबंध में किसी प्रकार की जानकारी अथवा पृच्छा के लिए निविदा प्रकाशन के पश्चात् किसी भी कार्य दिवस को अपराह्न 03:00 बजे से अपरांह्न 5:00 बजे के बीच बिहार शिक्षा परियोजना वैशाली में इच्छुक एवं योग्य निविदादाता संपर्क कर सकते है।

10. भविष्य में चयनित निविदादाता एवं बिहार शिक्षा परियोजना वैशाली के बीच भुगतान/अन्य मामलों से संबंधित विवाद होने की स्थिति में विवादों के निपटारा हेतु राज्य परियोजना निदेशक, बिहार शिक्षा परियोजना परिषद्, पटना अथवा न्यायिक क्षेत्र हाजीपुर, वैशाली व्यवहार न्यायालय के समक्ष निविदादाता द्वारा अनुरोध/अपील किया जा सकता है।

Sd/- 25/9/25

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (EE & SSA),
वैशाली

Sd/- 25.9.25

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
वैशाली

ANNEXURE- T I

# BIHAR EDUCATION PROJECT VAISHALI

2nd Floor, Samagra Shiksha, Shiksha Bhawan, Dighi, Hajipur (Vaishali)
e-mail:-*bepssavaishali@gmail.com*

## Format for Technical Bid

| SL.NO. | PARTICULARS | RESPONSE OF BIDDER | REFER PAGE NO ------ TO ----- |
|---|---|---|---|
| 1 | Name of the Firm & Owner<br>(With Tel./Mob. No. | | |
| 2 | Office Address with Tel./Fax/Mob. Nos | | |
| 3 | Press Address with Tel./Fax/Mob. Nos | | |
| 4 | Contact Person(s) Name, Address with Tel./Fax/Mob. Nos | | |
| 5 | Annual Turnover<br>(Please attached, any 3 years Proof) | 2021-22<br>2022-23<br>2023-24 | |
| 6 | Annual Audit Report<br>(Please attached, any 3 years Proof) | 2021-22<br>2022-23<br>2023-24 | |
| 7 | Annual ITR Report<br>(Please attached, any 3 years Proof) | 2021-22<br>2022-23<br>2023-24 | |
| 8 | FY 2024-25 GSTR -3 (4th Quarter)<br>(Please attached Proof) | | |
| 9 | Work Experience (in years)<br>(Please attached Proof) | | |
| 10 | PAN, TAN No., Service Tax No, VAT, GST No.<br>(Please attached Proof) | | |
| 11 | Make/Model of Printing and other machines available | | |
| 12 | Total Staff strength of Bidder | | |
| 13 | Details of Earnest Money Deposit | DD No.<br>Date | |
| 14 | Affidavit regarding not involved in any case or blacklisted | | |
| 15 | Paper Sample with Test report (By Govt Agency) | | |
| 16 | Copy of Single order of Rs minimum 10 lakh and above for similar work | | |

**Date:**

**Signature of Bidder**

ANNEXURE- F I

# BIHAR EDUCATION PROJECT VAISHALI

2nd Floor, Samagra Shiksha, Shiksha Bhawan, Dighi, Hajipur (Vaishali)
e-mail:-*bepssavaishali@gmail.com*

## Format for Financial Bid

**Printing and Supply of Progress Card & Mulyankan Panji .**

| Package No. | Particulars | Basic rate Per Pc (Rs.) | GST (Rs.) | Total Rate per (Rs.) | REMARKS |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Progress Card | | | | |
| 2 (a) | Mulyankan Panji 25 Sheet | | | | |
| 2 (b) | Mulyankan Panji 50 Sheet | | | | |

1. We agree to supply the above mentioned items
   for package 1 @ Rs. ----------------- (in words Rs.-------------------------------------------------
   ------------------------------------------------------------------------ );
   for package 2 (a); @ Rs. ----------------- (in words Rs.---------------------------------------------
   ------------------------------------------------------------------------ );
   for package 2 (b) @ Rs. ----------------- (in words Rs.----------------------------------------------
   ------------------------------------------------------------------------ );
   including all Taxes, Transportation etc. in accordance with the technical specification within ............ days of the issue of work order.

2. We also confirm that the normal commercial warrantee/guarantee of 3 days shall apply to the offered goods and services.
3. We also agree and abide with the terms and conditions stipulated in the bid document.

**Date:** **Signature of Bidder**